बी.ए.एम.एस. सुश्रुत बैच (2022-23) का द्वितीय सत्र आरम्भ

गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल कालेज गोरखपुर आयुर्वेद संकाय के सुश्रुत बैच (2022-23) की विश्वविद्यालय की परीक्षाएं समाप्ति उपरान्त दिनांक 26 जुलाई 2024, दिन शुक्रवार से कक्षाएं आरम्भ हुई । कक्षाएं आरम्भ होने के प्रथम दिवस महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव जी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं धनवन्तरी वंदना के साथ आगाज़ हुआ। दीप प्रज्वलन एवं धनवन्तरी वंदना के बाद गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव जी ने सभी विद्यार्थियों को नये सत्र हेतु बधाई देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। कुलसचिव जी ने कहा कि आयुर्वेद प्राचीन काल से वर्तमान समय तक चिकित्सा के क्षेत्र में हरदम आगे रहा है तथा हर प्रकार की बीमारी हेतु आयुर्वेद दवाओं एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है तथा आगे भी इसी प्रकार प्रयोग किया जायेगा। कुलसचिव जी ने आयुर्वेद की महत्व को विस्तार से बताया तथा विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में अपने उज्जवल भविष्य की ओर ध्यान केन्द्रीत करने को कहा। गोरखनाथ विश्वविद्यालय आयुर्वेदिक शिक्षा व चिकित्सा के स्तर को गोरखपुर मण्डल में बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल कालेज गोरखपुर आयुर्वेद संकाय के प्राचार्य (कार्यवाहक) डॉ. नवीन के, डॉ. गोपीकृष्णा, डॉ. रशमी पुष्पन, डॉ. मीनी के वी, डॉ. देवी आर नायर, डॉ. शन्तिभुषण हंदूर, डॉ. संध्या पाठक, डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. परीक्षीत, डॉ. सर्वभौम, श्री साधवीनन्दन पाण्डेय एवं सुश्रुत बैच (2022-23) के समस्त विद्यार्थि उपस्थित थे।

MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR
GURU GORAKHNATH INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
WELCOME